प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 12.11.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लखनऊ के बादशाहनगर रेलवे स्टेशन समेत देश के 18 शहरों में नये पीएम जन औषधी केन्द्रों का कल वर्चुअल माध्यम से करेंगे लोकार्पण।
2. उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने परीक्षाओं की शुचिता और अभ्यर्थियों की सुविधा को बताया प्राथमिकता : कहा– उच्चतम न्यायालय के दिशा–निर्देशों के अनरूप हो रही हैं राज्य में परीक्षाएं।
3. प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने आज प्रयागराज में मेला प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ की बैठक : 15 दिसम्बर तक महाकुंभ का काम पूरा करने के दिये निर्देश।

और

4. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 15 नवंबर को वाराणसी में देव दीपावली की दिव्यता के बनेंगे साक्षी : 17 लाख दीपों से जगमग होंगे गंगा के घाट।

—————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के बादशाहनगर रेलवे स्टेशन समेत देश के 18 शहरों में नये प्रधानमंत्री जन औषधी केन्द्रों का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण करेंगे। नए प्रधानमंत्री जन औषधि

केंद्रों पर हृदय रोग, कैंसर, डायबिटीज, इंफेक्शन, समेत अन्य समस्याओं और पोषण से जुड़ी दवाएं मिलंगी। इस पहल से उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाइयां किफायती दरों पर उपलब्ध होंगी, जिससे स्थानीय जनता और यात्रियों को राहत मिलेगी। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का मुख्य उद्देश्य सभी को आवश्यक दवाएं सस्ती दरों पर उपलब्ध कराना है।

———————

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने कहा है कि परीक्षाओं की शुचिता और अभ्यर्थियों की सुविधा उसकी प्राथमिकता है। राज्य में परीक्षाएं उच्चतम न्यायालय के दिशा–निर्देशों और अन्य राज्यों के पैटर्न के अनुरूप आयोजित की जा रही हं। आयोग ने यह बयान अभ्यर्थियों के समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा और पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा अलग–अलग तिथियों और कई पालियों में आयोजित करने के फैसले के विरोध में प्रदर्शन को देखते हुए दिया है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने कहा है कि जहां 5 लाख से अधिक अभ्यर्थी हैं, वहां एक से अधिक पालियों में परीक्षा कराने की व्यवस्था लागू की गई है। इसी के अनुरूप पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा और आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा 2023 को क्रमशः दो और तीन चरणों में कराने का निर्णय लिया गया है। परीक्षाओं की शुचिता और छात्रों के भविष्य की रक्षा के उद्देश्य से परीक्षाएं केवल उन्हीं केंद्रों पर कराई जा रही हैं, जहां किसी प्रकार की कोई अनियमितता न हो। वहीं इस मामले में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सभी सक्षम अधिकारी छात्रों की मांगों*

*को संवेदनशीलता से सुनें और शीघ्र समाधान निकालें। आकाशवाणी लखनऊ समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

—————————

प्रदेश में 9 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार तेज हो गया है। मिर्ज़ापुर के मंझवा विधानसभा क्षेत्र में आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पाण्डेय ने भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा और विपक्ष को स्वार्थ का गठबंधन करार दिया। मझवा में ही समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह पटेल ने सपा प्रत्याशी के लिए प्रचार और जनसंपर्क किया। उधर, प्रयागराज के फूलपुर विधानसभा क्षेत्र में आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा की। वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आज एक बयान जारी करके भाजपा पर आरोप लगाए और कहा कि नौकरी भाजपा के एजेंडे में नहीं है।

—————————

प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने आज प्रयागराज में मेला प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक कर महाकुंभ की तैयारियों के

बारे में जानकारी ली। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि महाकुंभ 2025 के लिये परियोजनाओं का काम 15 दिसम्बर तक पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

बाइट.....

*राज्य सरकार पिछले 1 साल से महाकुंभ की तैयारी में लगी हुई है और लगभग 6000 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाएं स्वीकृत कर रखी है, जिसमें कुछ कुंभ के बजट से है और कुछ डिपार्टमेंटल बजट से तो उन 6000 करोड़ की जो परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, अब वह लगभग अंतिम चरण में है। सिक्योरिटी एक बड़ा इश्यू है इस बार और हर तरह की व्यवस्था की जानी चाहिए, जिसमें साइबर सिक्योरिटी से लेकर और फिजिकल सिक्योरिटी को भी और बेहतर तरीके से एनफोर्स करने के लिए जिन चीजों की आवश्यकता है पुलिस फोर्स को उसकी व्यवस्था देखी जाए। इस बार लगभग 4000 हेक्टेयर में मेला क्षेत्र लग रहा है, जो पिछले साल की तुलना में लगभग 2530 प्रतिशत अधिक है। फोर्स लगभग है। अब 40,000 की पुलिस फोर्स लग रही है।*

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई वीवीआईपी वाराणसी में देव दीपावली की दिव्यता के साक्षी बनेंगे। इसी क्रम में अस्सी घाट पर आज से तीन दिवसीय भव्य गंगा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 15 नवंबर को देव दीपावली पर इस बार 17 लाख दीपों से नमो घाट से रविदास घाट तक सभी 86 घाटों को जगमग किया जाएगा। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.....

*काशी की देव दीपावली विश्व प्रसिद्ध है। देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का भी इसका अवलोकन करने के लिए 15 नवंबर को काशी में दौरा प्रस्तावित है। इसमें वह क्रूज के माध्यम से घाटों की आलोककिता को निहारने के पश्चात अगले दिन बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन करेंगे। काशी में देव दीपावली की तैयारियां तेज है घाट पर विश्वप्रसिद्ध गंगा आरती के आयोजक भी विशेष तैयारियां कर रहे है। गंगा सेवा निधि द्वारा  इस वर्ष देव दीपावली राष्ट्रवाद को समर्पित रहेगी। इसमें गंगा को अविरल निर्मल रखने का संकल्प दिलाया जाएगा और अमर वीर योद्धाओं के परिजनों को भगीरथ शौर्य सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा प्रशासनिक स्तर पर भी घाटों को सजाने की जिम्मेदारी विभिन्न वालंटियरों को सौंप गई है सुरक्षा की दृष्टि से भी व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं और संपूर्ण घाट क्षेत्र को नो फ्लाइंग जोन में तब्दील कर दिया गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।*

---

प्रदेश में आज देवोत्थान एकादशी का पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। एकादशी पर श्रद्धालु नदियों में स्नान के साथ ही गन्ना, सिंघाड़ा, समेत अन्य

नई फसलों की पूजा कर भगवान विष्णु की उपासना कर रहे हैं। इस अवसर पर आज वृंदावन में पंचकोसी परिक्रमा के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। वहीं फर्रुखाबाद में आज से कार्तिक पूर्णिमा मेले का शुभारंभ हुआ। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.....

*देवोत्थान एकादशी के पर्व पर फर्रुखाबाद जनपद के पांचाल घाट गंगा नदी आसपास के जनपदों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी। गंगा नदी में स्नान के बाद भगवान लक्ष्मी नारायण की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। देवोत्थान एकादशी के पर्व पर जिले में तुलसी माता के विवाह का आयोजन भी किया गया। माता तुलसी की बारात धूमधाम निकलते हुए जिले के बरगदिया घाट गंगा तट पर विधि विधान से विवाह का कार्यक्रम संपन्न हुआ। 12 से 15 नवंबर तक चलने वाले यह मेला कार्तिक पूर्णिमा के दिन समाप्त हो जाएगा.. जिला प्रशासन द्वारा मेले में शांति व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस बल, गोताखोरों की टीम, व मेडिकल कैंप मेले में लगाए गए हैं। गौरव यादव आकाशवाणी फर्रुखाबाद।*

---

आज लोक सेवा प्रसारण दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस वर्ष 1947 में दिल्ली स्थित आकाशवाणी के स्टूडियो में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आगमन की स्मृति में मनाया जाता है। एक रिपोर्ट.....

*आज से ठीक 77 साल पहले दिवाली का दिन था, जब महात्मा गांधी को बंटवारे के बाद विस्थापित हुए लोगों से मिलने कुरुक्षेत्र जाना था और वो किसी कारणवश नहीं जा सके। राष्ट्रपिता ने तय किया कि वे रेडियो के माध्यम से इन विस्थापितों को अपना संदेश देंगे। फिर उसी दिन गांधीजी का पहला और अंतिम जीवंत रेडियो प्रसारण आकाशवाणी दिल्ली के स्टूडियो से हुआ। मेरे दुखी भाईयों और बहनों कहते हुए महात्मा गांधी ने अपना संबोधन*

*शुरू किया– मेरे दुखी भाईयों और बहनों मुझे कोई पता नहीं है कि सिवाय आपके मुझको कोई भी सुनता है या नहीं। मैं तो एक अनजान पुरुष हूं। मैं कोई दिलचस्पी भी नहीं लेता हूं, लेकिन दुख के साथ मिल जाना वो तो मेरा जीवनभर का प्रयत्न है, जीवनभर का मेरा पेशा है। बापू रेडियो को एक दिव्य शक्ति के रूप में देखते थे। दिवाकर के साथ अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

—————————

लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में कल से उत्तर प्रदेश और कर्नाटक के बीच रणजी ट्रॉफी का मैच शुरू होगा। मुकाबले से पहले आज दोनों टीमों ने इकाना स्टेडियम में जमकर अभ्यास किया।

(समाप्त)